बिरला शिशु विहार पिलानी के प्राचार्य पवन वशिष्ठ एडुबेकन अवार्ड-2024 से सम्मानित

पिलानी (मृदुल पत्रिका)। ग्लोबल स्कूल लीडर्स कंसोर्टियम का पुरस्कार वितरण समारोह गुरुग्राम में आयोजित किया गया। समारोह में विद्यालय के प्राचार्य पवन वशिष्ठ को शिक्षा के क्षेत्र में समपर्ण, नवाचार और सहयोग करने पर ग्लोबल स्कूल लीडर्स कंसोर्टियम की निर्णायक समिति द्वारा दिया गया। यह अवार्ड श्री दीपक वोहरा, पूर्व भारतीय राजदूत,सूडान ने गुरुग्राम में आयोजित अवार्ड्स समारोह में विद्यालय के प्राचार्य पवन वशिष्ठ को भेंट किया।

प्राचार्य ने बताया की ग्लोबल स्कूल लीडर्स कंसोर्टियम (जीएसएलसी) शिक्षा के क्षेत्र में नवीन विचारों और सर्वोत्तम प्रथाओं के आदान-प्रदान के लिए एक जीवंत मंच बनाकर शिक्षा परिदृश्य में अंतर को पाटने के लिए समर्पित हैं।। जीएसएलसी का पूरा विचार सहयोगात्मक दृष्टिकोण, ज्ञान साझा करने और सीखने और सर्वोत्तम प्रथाओं के आदान-प्रदान पर आधारित है। इस प्रकार, जीएसएलसी सहकारी शिक्षण और सहयोगात्मक नेटवर्किंग की प्रासंगिकता का परिचय देता है। जीएसएलसी विकास के लिए उत्प्रेरक के रूप में कार्य करता है, शिक्षाविदो को शिक्षा की पुनर्कल्पना करने और ऐसा वातावरण बनाने के लिए सशक्त बनाता है जो सभी आयामों में शिक्षार्थियों के पूर्ण विकास को बढ़ावा देता है।÷

विद्यालय के प्राचार्य पवन वशिष्ठ द्वारा यह अवार्ड विद्यालय के शिक्षिकों और विद्यार्थिओं को समर्पित किया और बताया की शिक्षकों एवं विद्यार्थिओं के सतत प्रयासों से बिरला शिशु विहार विद्यालय शिक्षा के क्षेत्र में नई ऊंचाई छू रहा है और नये आयाम स्थापित कर रहा है जिसकी अलग - अलग संस्थानों द्वारा सराहना की जा रही है और सम्मानित किया जा रहा है।

विशिष्ट उपलब्धि के लिए बिरला शिक्षण संस्थान के डायरेक्टर मेजर जनरल एस. एस. नायर और स्कूल प्रबंधन से सभी अधिकारियों, विद्यालय के शिक्षकों व विद्यार्थियों ने प्राचार्य को बधाइयां दी।